# पीएम आवास योजना की सूची से नाम हटने पर फूटा गुस्सा

**छपारा नवभारत। नगर परिषद छपारा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में बड़े पैमाने पर धांधली और अपात्र घोषित किए जाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में विवेकानंद वार्ड (वार्ड नंबर 10) की दर्जनों महिलाओं और हितग्राहियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।**

### कलेक्टर शीतला पटले से लगाई न्याय की गुहार

विवेकानंद वार्ड के निवासियों का आरोप है कि वे पिछले 30-40 वर्षों से अपने पट्टों पर काबिज हैं और परिषद को नियमित रूप से टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। इसके बावजूद, जांच अधिकारियों (अभियंता जायसवाल एवं सार्थक दुबे पटवारी) द्वारा की गई जांच में कई पात्र परिवारों को अपात्र घोषित कर सूची से बाहर कर दिया गया है।

हितग्राहियों का कहना है कि नगर परिषद छपारा की कुल सूची में 525 लोगों को अपात्र किया गया था। निर्देशों के बाद 161 लोगों को दोबारा शामिल किया गया। लेकिन अब भी 364 लोग योजना के लाभ से वंचित हैं, जबकि उनके पास भूमि का पट्टा और टैक्स रसीदें जैसे सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं।



**गरीब काट रहे दफ्तरों के चक्कर**

जनसुनवाई में पहुंची महिलाओं ने भावुक होते हुए कहा कि अपने पक्के मकान का सपना साकार करने के लिए वे सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर थक चुकी हैं। पार्षद रामेश्वर बंजारा के नेतृत्व में सौंपे गए आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि जांच अधिकारियों ने मौके पर सही

### निष्पक्ष जांच की मांग

आवेदक रामेश्वर बंजारा वार्ड पार्षद और अन्य वार्ड वासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि अपात्र किए गए हितग्राहियों के दस्तावेजों और पट्टों की दोबारा निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पात्र लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला, तो वे अपने हक के लिए आगे भी संघर्ष जारी रखेंगे। अनंता बाई, संदीप वर्मन, रामरती इपाचे, खुशबू चौहान, रमेश चौहान व अन्य प्रभावित हितग्राही हैं।

# 19 वाहनों पर की गई 60300 रूपए की चालानी कार्यवाही

## छिंदवाड़ा-सिवनी मार्ग पर चलाया गया विशेष जांच अभियान

**नवभारत न्यूज**

**छिन्दवाड़ा, 3 फरवरी.** परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-सिवनी मार्ग पर संचालित हो रहे छोटे-बड़े यात्री वाहनों, मालवाहनों, निजी वाहनों के दस्तावेज (परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र) ओवरलोडिंग, लायसेंस अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिन्दवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिंदवाड़ा-सिवनी मार्ग पर जांच के दौरान यात्री वाहन क्रमांक एमपी 50 पी 1417 (बस) को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का बीमा, फिटनेस, परमिट, पीयूसी, वैध नहीं पाये गये। साथ ही वाहन का मोटरयान कर बकाया पाया गया। चूंकि वाहन में स्कूल बच्चे सवार होने के कारण उन्हें इमलीखेड़ा नागपुर रोड स्थित एफ.डी.डी.आई. ट्रेनिंग सेंटर छिंदवाड़ा में सुरक्षित उतार कर वाहन जप्त कर परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। अन्य कार्यवाही में 19 वाहनों पर 60,300 रूपये की चालानी कार्यवाही कर राजस्व प्राप्त किया गया।

# जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत सुनी गई 104 आवेदकों की समस्याए

**नवभारत न्यूज**

**छिन्दवाड़ा, 3 फरवरी. राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।**

कलेक्टर . हरेंद्र नारायन के मार्गनिर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 104 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान पट्टा प्रदान करने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।



जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम उसरिया के यशवंतराव खलोटे ने रास्ता विवाद का निराकरण करने, अमरवाड़ा के श्री जैनबाबी ने अपने कच्चे मकान में आग लगने से क्षतिग्रस्त होने पर आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम घानाउमरी के श्री शंकरलाल बिहारे ने भूमि का सीमांकन कराने, अमरवाड़ा के श्री राकेश भारिया ने आवासीय पट्टा प्रदाय करने, ग्राम हथनी बिछुआ की श्रीमती ज्योति चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, जुन्नारदेव की श्रीमती नसरीन खान ने आवासीय भूमि तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, नगर परिषद बिछुआ के वार्ड नंबर-7 के सिरपत माटे एवं वार्डवासियों ने वार्ड में नाली निर्माण तथा सीसी रोड बनाने, जुन्नारदेव के लखन दहाट ने सेवानिवृत्ति उपरांत पात्रता अनुसार मिलने वाली उपादान राशि दिलाने एवं छिंदवाड़ा नगर के श्री रीतेश कुमार गोखले ने समग्र आईडी में नाम सुधार करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम धीरेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

## 250 तीर्थ यात्री 09 फरवरी को द्वारका-सोमनाथ होंगे रवाना

**छिन्दवाड़ा.** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत जिला छिन्दवाड़ा से चयनित तीर्थ यात्रियों की द्वारका‌सोमनाथ तीर्थ यात्रा का आयोजन 09 से 15 फरवरी तक किया जा रहा है। इसके लिए विशेष ट्रेन 09 फरवरी को छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी। यात्रा के लिये जिले से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के बाद 250 तीर्थ यात्रियों का चयन किया गया है, जबकि 25 तीर्थ यात्रियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को चयनित तीर्थ यात्रियों को यात्रा से संबंधित समस्त जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# जमीन जायदाद के बंटवारे के लिए पुत्र ने पिता की कर दी हत्या

### बिछुआ थानाकत्र के गोनावाड़ी का मामला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**छिन्दवाड़ा, 3 फरवरी. बिछुआ थाना अंतर्गत ग्राम गोनावाड़ी में कलयुगी पुत्र ने जमीन जायदाद के बटबारे को लेकर अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।**



पुलिस ने बताया कि ग्राम गोनावाड़ी में विगत 01 फरवरी को 58 वर्षीय पतिराम परतेती की अज्ञात कारणों से मृत्यु होने की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मौके पर जाकर घटना की तस्दीक करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच आरम्भ की गईज्पुलिस की विवेचना के दौरान मालूम पड़ा कि मृतक पतिराम के दो बेटे हैं,चूंकि मृतक के पास दो मकान थे,जिसने उन्हें अपने दोनों बेटों को परिवार सहित रहने के लिए दे दिया था। खेत मे बने मकान में बड़ा बेटा 36 वर्षीय बबलू परतेती अपने परिवार के साथ रह रहा था तो वहीं गांव में बने मकान में छोटा बेटा जितेंद्र परतेती अपने परिवार के साथ रह रहा था,छोटे बेटे के साथ ही मृतक पिता भी रहा करते थे।अपने पिता के द्वारा जमीन व मकान के इसी बटवारे को लेकर बड़ा बेटा संतुष्ट नही था और अक्सर नाराज रहा करता था,इसी के चलते ही इस बटवारे की कानूनी लड़ाई तहसील न्यायालय बिछुआ में भी विचाराधीन थी।घटना के दिन 01 फरवरी को पिता पतिराम जब सुबह लगभग 7 बजे अपने खेत मे बने कोठे में थे तभी बड़ा बेटा वहां आया और फिर हिस्से बटवारे को लेकर पिता पुत्र में वाद विवाद हो गया,उसी दौरान बड़े बेटे बबलू परतेती ने अपने पिता के साथ मारपीट कर एवं गला दबाकर उनकी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# बम्हनी के पास नहर की संकरी पुलिया बनी डेंजर ज़ोन

## लगातार हो रहे हादसे,जिम्मेदारों की अनदेखी से आक्रोश

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** कान्हीवाड़ा-कलारबांकी प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर सफर करना इन दिनों जोखिम भरा साबित हो रहा है। ग्राम बम्हनी के पास भीमगढ़ दाईं तट नहर पर बनी पुलिया वर्तमान में डेंजर ज़ोन में तब्दील हो चुकी है। पुलिया की बेहद संकरी बनावट और वहां स्थित जानलेवा अंधे मोड़ के कारण आए दिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार दहशत का माहौल बना हुआ है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पुलिया लगभग 40 वर्ष पुरानी है जो समय के साथ जर्जर हो चुकी है। सबसे बड़ी समस्या इसकी बनावट में है,सड़क तो चौड़ी कर दी गई, लेकिन पुलिया की चौड़ाई आज भी चार दशक पुरानी है। इसके साथ ही पुलिया के ठीक पहले एक तीखा अंधा मोड़ है, जिसके कारण सामने से आने वाले भारी वाहन समय रहते दिखाई नहीं देते। रात के समय रोशनी और रिफ्लेक्टर के अभाव में नए वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। हैरानी की बात यह है कि इस संवेदनशील स्थल पर बार-बार हादसे होने के बावजूद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़े अधिकारी और जल संसाधन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन किसी बड़ी लाश गिरने का इंतजार कर रहा है। बार-बार शिकायतों के बाद भी यहाँ न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही पुलिया के सुदृढ़ीकरण की कोई योजना बनाई गई है।

**देर रात टला बड़ा हादसा : मौत के मुंह से निकले वाहन सवार**

दुर्घटनाओं के इसी सिलसिले में देर रात बड़ा हादसा टल गया। एक पिकअप वाहन पुलिया पार करते समय अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा इतना भयावह था कि वाहन सीधे नहर की गहराई की ओर जा गिरा था, लेकिन गनीमत रही कि वह नहर के मुहाने पर ही अटक गया। वाहन में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि वाहन सीधे पानी में समा जाता, तो कोई भी बड़ी जनहानि हो सकती थी।

**इनका कहना है-**

यह पुलिया लगातार हादसों को दावत दे रही है। संकरा रास्ता और खतरनाक मोड़ होने के कारण यहाँ से गुजरना अपनी जान हथेली पर लेने जैसा है। हमारी मांग है कि प्रशासन तत्काल इस पुलिया का चौड़ीकरण करे और दोनों तरफ मजबूत सुरक्षा दीवार का निर्माण कराए।

**एम. नईम खान, क्षेत्रवासी**

## भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की वार्षिक बैठक 10 को

सिवनी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 10 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शाम 4.00 बजे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

# नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**छिन्दवाड़ा, 3 फरवरी.** कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री एवं नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा नशा उन्मूलन के लिए आगामी कार्ययोजना पर निर्णय लिए गए। बैठक में एडिशनल एसपी आकाश खरे, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने नशे के विरुद्ध हाल ही में हुई कार्यवाहियों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि प्रवर्तन एवं निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने पुलिस एवं आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि अवैध अहातों, नशीले पदार्थों की बिक्री तथा तस्करी से जुड़े नेटवर्क पर लगातार संयुक्त अभियान चलाएं, ताकि जिले में नशे की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। कलेक्टर श्री नारायन ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास गुटखा, सिगरेट, तंबाकू एवं ई-सिगरेट के उपयोग और बिक्री पर विशेष सतर्कता बरती जाए। साथ ही विद्यार्थियों के बीच नशे के दुष्परिणामों को लेकर नियमित जागरूकता एवं काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे युवा वर्ग को नशे से दूर रखने में सफलता मिल सके। नगर निगम को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्रों, विशेषकर झुग्गी-झोपड़ी एवं संवेदनशील इलाकों में सतत जनजागरूकता अभियान संचालित किए जाएं।

# सांसद बंटी विवेक साहू ने दो मरीजों को दिलाई 65 हजार की आर्थिक सहायता

**नवभारत छिन्दवाड़ा, 3 फरवरी.** सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से छिन्दवाड़ा जिले के निवासी दो मरीजों को अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 65 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सांसद श्री साहू को बजट सत्र के दौरान जानकारी मिली थी कि आर्थिक रूप से कमजोर दो मरीजों का आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नही हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने दोनो मरीजों के आवेदनों पर अपनी सहमति जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र भेज कर उनसे मरीजों को बीमारी के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत करने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से दोनो मरीजों को 65 हजार की आर्थिक सहायता दी है। उक्त सहायता राशि मिलने से दोनों मरीजों का नागपुर के अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इलाज के लिए लगातार सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके चलते अपना इलाज कराने में असमर्थ लोगों को सहायता राशि मिलने से उनका अस्पतालों में बेहतर इलाज हो रहा है।

# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश : ग्राम कोटलबर्री में ग्रामीणों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**छिन्दवाड़ा, 3 फरवरी. आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिये सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश सरकार के अन्य विभागों के साथ मिलकर ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश एवं संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन विकासखंड छिंदवाड़ा के सेक्टर 03 कोटलबर्री के ग्राम पंचायत भवन में ग्राम के सरपंच श्यामजी चौहान, पंचायत समन्वयक पी.नागेश्वर राव, अपूर्वा फाऊंडेशन के अध्यक्ष संजय साहू, परामर्शदाता श्यामल राव की उपस्थिति मे किया गया।**

इस अवसर पर नवांकुर संस्था अपूर्वा फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि सेक्टर क्रमांक 3 में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नवांकुर समिति, विभागों के आयोजन में सहयोग कर जरूरतमंद लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता श्यामल राव ने शिविर में उपस्थित समिति सदस्यों एवं शामिल ग्रामीणों को सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त समाज, शिक्षा एवं संस्कार, स्वास्थ्य के साथ शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर आयोजित संकल्प से समाधान शिविर में शामिल पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने विभागों का सहयोग किया। पी.नागेश्वर राव ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण जनों को 39 विभागों की 106 जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, वही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये सभी पात्रताधारी डीवीटी, ई-केवायसी, फॉर्मर आईडी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को दुरुस्त करने को कहा। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर नशा मुक्ति समाज की स्थापना करने की अपील की गई। पंचायत सचिव देवेन्द्र सोनी, प्रस्फुटन समिति कोटलबर्री के अध्यक्ष राहुल अवस्थी व भूपेन्द्र ईन्दौरकर का सराहनीय सहयोग रहा।

## शिविर में सभी 124 शिकायतों का मौके पर ही किया गया त्वरित निराकरण

**छिन्दवाड़ा.** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये। इन शिविरों में 124 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से सभी 124 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 76, बिल संबंधी 22, बंद/खराब मीटर संबंधी 20, नवीन कनेक्शन संबंधी 03 और 03 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 124 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 124 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया।

## विद्यार्थियों को फार्म भरना हुआ आसान, क्योस्क की लाइन से मिलेगा छुटकारा

# विश्व विद्यालय ने लांच किया मोबाइल एप

**नवभारत न्यूज**

**छिन्दवाड़ा, 3 फरवरी. राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय ने आरआरएसयू मोबाइल एप लाँच किया है। इस एप को प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप विशेष तौर पर विद्यार्थीयों की सुविधा को देखते हुए लाँच किया गया है।**

विद्यार्थी यूजर नेम और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकेंगे एवं परीक्षा फार्म भरने के साथ ही फीस का भुगतान कर सकेंगे। भविष्य में विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम एवं डिजीटल अंकसूची भी प्राप्त कर सकेंगे। इस एप की खास बात यह है कि विद्यार्थी स्वयं इस ऐप के माध्यम से परीक्षा फार्म भर सकेंगे। विश्वविद्यालय तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की परीक्षा मार्च माह के अंतिम सप्ताह से कराने की तैयारी कर रहा है। चूंकि तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश लेना होता है इसलिए विश्वविद्यालय मार्च में परीक्षा आयोजित कर शीघ्र परीक्षा परिणाम जारी करने का प्रयास करेगा।

### 4 फरवरी से भरे जाएगें परीक्षा फार्म

2025-2026 की वार्षिक परीक्षाओं के परीक्षा फार्म भरे जाने की शुरूआत 4 फरवरी से हो रही है। बी.ए.,बी.एस.सी., बी.कॉम, बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एससी (होम साइंस) प्रथम वर्ष के परीक्षा फार्म 4 फरवरी से भरे जाएगें इसलिए आज मोबाइल एप लाँच किया गया है। इसके पश्चात चतुर्थ, तृतीय, एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा फार्म चालू किए जाएगें।

### स्नातक प्रथम वर्ष में नया कोर्स लागू-

मार्च-अप्रैल 2026 से आयोजित स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा नये कोर्स के अनुसार होगी। शासन ने अध्यादेश 14 (1) लागू किया है जिसके अनुसार विद्यार्थियों को 3 मेजर, 2माइनर, मल्टीडिसिप्लीनरी विषय, 1 कौशल संवर्धन विषय (वोकेशनल कोर्स) योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (आधार पाठ्यक्रम) और 1 मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम (भारत बोध) का सैद्धांतिक (थ्योरी) पेपर देना होगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट वर्क, इंटर्नशिप, एप्रिंटिसशिप, कम्युनिटी इंगेजमेंट में से कोई एक लेना अनिवार्य होगा।

### आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा पद्धति में बड़ा बदलाव-

अध्यादेश 14 (1) स्नातक प्रथम के आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा पद्धति में बड़ा बदलाव किया गया है। पूर्व की शिक्षा नीति में आधार पाठ्यक्रम के 2 पेपर होते थे जो कि 100 अंक के होते थे और सभी प्रश्न आब्जेक्टिव टाइप (वस्तुनिष्ठ) पूछे जाते थे। पिछले चार सत्र के परीक्षा परिणाम के अवलोकन में बात सामने आई कि आधार पाठ्यक्रम में सर्वाधिक विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री आती थी। 2026 की प्रथम वर्ष की परीक्षा में आधार पाठ्यक्रम के अंतर्गत हिन्दी और अंग्रेजी के पेपर होंगे जिसमें लघुउत्तरी और दीर्घउत्तरीय 100 अंक के प्रश्न पूछे जाएंगे एवं प्रश्न पत्र हल करने की समयावधि 2 घंटे की होगी। इसके साथ ही वैल्यू एडेड कोर्स भारत बोध भी 100 अंक का होगा। ये तीनों पेपर बी.ए., बीएस.सी., बी.कॉम, बी.बी.ए., बी.सी.ए.बी.एस.सी. (होम साइंस) के लिए अनिवार्य होंगे।

### श्री बादल भोई फैलोशिप एवं कॅ. रघुनाथ शाह फैलोशिप का प्रारंभ

श्री बादल भोई एवं कुँ रघुनाथ शाह के समय भारतीय इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान परंपरा, संस्कृति-कला रूपों के साथ ही बुद्धिकौशल तथा तकनीक के प्रमाणिक स्वरूप को सामने लाने और राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकता, एकात्म राष्ट्रीय जीवन तथा देश के मध्य विद्यमान सांस्कृतिक, सामाजिक समरूप और आत्मगौरव को प्रकट करने के उद्देश्य से विविध पक्षों, घटनाओं, व्यक्तियों और प्रवृत्तियों पर शोध कार्य करने वाले शोधार्थी को एक वर्ष के लिए श्री बादल भोई एवं कॅ. रघुनाथ शाह फैलोशिप प्रदान की जावेगी।

## कलेक्टर व एसपी ने दिलाई यातायात नियमों की शपथ



सिवनी। जिले में विगत एक माह से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन कार्यक्रम बुधवार को छिंदवाड़ा रोड बायपास ओवरब्रिज के समीप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता की उपस्थिति रही। आयोजन एनएचएआई एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

**मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
मुख्यालय, भोपाल
क्रमांक/गु.नि./1083592/2026/452 भोपाल, दिनांक : 03.02.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्पोरेशन द्वारा उपार्जित खाद्यान्न के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्य हेतु एजेंसी नियोजन के लिए**

कार्पोरेशन द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रदेश में गेंहू, धान एवं अन्य उपजों के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्यों के निष्पादन के लिए एजेंसी की नियुक्ति हेतु पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु पात्र सेवा प्रदाताओं से निर्धारित निविदा दस्तावेज जिसमें निविदा कार्यक्रम (समय-सीमा), निर्देशों, शर्तें, नियमों प्रावधान का विस्तृत उल्लेख है, अनुसार आमंत्रित हैं।
निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** एवं **www.mpscsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 0120-4001002, 0120-4001005, 0120-4200462 एवं 0120-6277787 पर संपर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/124293/2026 **महाप्रबंधक (गु.नि.)**